चूंकि संस्था द्वारा सम्बद्धता हेतु निर्धारित समस्त शर्तों एवं मानकों को पूर्ण नहीं किया गया था तथा महाविद्यालय में कमियाँ/अनियमितताओं के विद्यमान रहते हुए विश्वविद्यालय द्वारा संस्था को सम्बद्धता प्रदान न किये जाने की संस्तुति की गयी थी । अतः सम्यक विचारोपरान्त बी0एन0डिग्री कालेज, शाहाबाद, हरदोई को स्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय के बी0एड0 पाठ्यक्रम में शैक्षिक सत्र 2005-06 के लिए आदेश संख्या-ई0सं02221/जी0एस0 दिनांक 08.11.2006 के द्वारा सम्बद्धता प्रदान किये जाने हेतु पूर्व अनुज्ञा प्रदान नही की गयी ।

विश्वविद्यालय ने माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की लखनऊ खण्डपाठ द्वारा याचिका संख्या-2959 (एम0/बी0)/2006 में पारित आदेश दिनांक 26.5.2006 के अनुपालन में अपने पत्र संख्या-सी0एस0जे0एम0वि0वि0 /सम्ब/198/2007 दिनांक 23.2.2007 के द्वारा अवगत कराया है कि महाविद्यालय ने बी0एड0 पाठ्यक्रम हेतु विभागाध्यक्ष एवं 08 शिक्षकों का अनुमोदन प्राप्त कर लिया है । उक्त के सापेक्ष प्रपत्र "ग" प्रेषित करते हुए संस्था को बी0एड0 पाठ्यक्रम में दिनांक 01.07.2006 से सम्बद्धता प्रदान किये जाने की संस्तुति की गयी है ।

अतः विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित की गयी संस्तुति को दृष्टिगत रखते हुए सम्यक विचारोपरान्त बी0एन0 डिग्री कालेज, शाहाबाद हरदोई को स्ववित्त पोषित योजनान्तगर्त उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा-37(2) के अधीन स्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय के बी0एड0 पाठ्यक्रम में 100 सीट की प्रवेश क्षमता के साथ दिनांक 01.7.2006 से सम्बद्धता प्रदान की जाती है तथा संस्था/विश्वविद्यालय को निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में उनके द्वारा शासनादेशों/राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा निर्गत आदेशों एवं नियमों का विधिवत पालन किया जायेगा तथा सम्बद्धता हेतु निर्धारित समस्त शर्तों एवं मानकों की पूर्णता और निरन्तरता सुनिश्चित की जायेगी अन्यथा संस्था के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी ।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

सी0एस0जे0एम0वि0वि0/सम्ब0/ 608 /2007

दिनांक 20.4.07

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1. प्रबन्धक, बी0एन0डिग्री कालेज, शाहाबाद, हरदोई ।
2. उप कुलसचिव(परीक्षा) सी0एस0जे0एम0विश्वविद्यालय, कानपुर ।
3. सहायक कुलसचिव(बी0एड0 प्रवेश) सी0एस0जे0एम0विश्वविद्यालय, कानपुर ।
4. सिस्टम मैनेजर, सी0एस0जे0एम0विश्वविद्यालय, कानपुर ।
5. इंचार्ज, ई0डी0पी0सेन्टर, सी0एस0जे0एम0विश्वविद्यालय, कानपुर ।

(महेश चन्द्र)
कुलसचिव